# हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शनिवार

4 जुलाई 2026, आषाढ़ कृष्ण पक्ष, पंचमी, विक्रम संवत 2083, बरेली


**PAGE NO.5 : MIDDLE**



एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में आयोजित स्वास्थ्य परिचर्चा में उपस्थित चिकित्सक।

## बीमारियों का पैकेज है मोटापा, कम करें चर्बी

**बरेली।** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज की 24वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित चार दिवसीय युवा स्वास्थ्य मेले के तीसरे दिन शुक्रवार को स्वास्थ्य जागरूकता परिचर्चा और निशुल्क जांच शिविर में युवाओं की बड़ी भागीदारी रही। परिचर्चा में चिकित्सकों ने बदलती जीवनशैली से बढ़ रही बीमारियों पर चिंता जताते हुए युवाओं को स्वस्थ दिनचर्या अपनाने की सलाह दी। परिचर्चा मे फिजीशियन डॉ. दीपक दास ने कहा कि मोटापा कई गंभीर बीमारियों की जड़ है। आप्थैल्मोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. नीलिमा मेहरोत्रा ने कहा कि मोबाइल का अत्यधिक उपयोग आंखों का सबसे बड़ा दुश्मन बन गया है। छोटे बच्चों को कम उम्र में मोबाइल देने से चश्मा लगने की समस्या तेजी से बढ़ रही है।